# वार्षिक परीक्षा

**कक्षा – नवमीं** **V**

**विषय– सामाजिक विज्ञान**

**समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 75**

नोट– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

1) प्रश्न क्र. 1 में क, ख, ग तीन खण्ड हैं, प्रत्येक खंड में 5 अंक हैं ।

2) प्रश्न क्र. 2 से 6 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न में प्रत्येक में 2 अंक हैं, शब्द सीमा 30 शब्द है

3) प्रश्न क्र. 7 से 10 तक लघु उत्तरीय प्रश्न में प्रत्येक में 3 अंक हैं । शब्द सीमा 50 शब्द है

4) प्रश्न क्र. 11 से 14 तक लघु उत्तरीय प्रश्न में प्रत्येक में 4 अंक हैं

5) प्रश्न क्र. 15 एवं 16 में दीर्घ उत्तरीय प्रश्न में प्रत्येक में 5 अंक हैं । शब्द सीमा 100 शब्द है

6) प्रश्न क्र. 17 एवं 18 में दीर्घ उत्तरीय प्रश्न में प्रत्येक में 6 अंक हैं । शब्द सीमा 150 शब्द है

प्रश्न 1. क) सही विकल्प चुनकर पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए –

1) मानचित्र में पैमाने का उपयोग कितने प्रकार से किया जाता है –
अ) 3 ब) 2 स) 4 द) 1

2) थार में किस पेड़ के रोपण से किसानों को सबसे अधिक आर्थिक लाभ होने लगा है–
अ) खेजड़ी ब) बबूल स) ताड़ द) बेर

3) सरकार ने राष्ट्रीय वन नीति कब घोषित की थी–
अ) 1980 ब) 1982 स) 1987 द) 1988

4) लैटिन अमेरिका का वह कौन सा देश था जो सबसे पहले स्वतंत्र हुआ–
अ) हैली ब) घाना स) पेरु द) नामिबिया

5) भिलाई इस्पात संयंत्र कौन से जिले में है –
अ) कोरबा ब) बिलासपुर स) दुर्ग द) धमतरी

ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

1) चीन में ----- का व्यापार अवैध था ।

2) शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्य ----- क्षेत्र में शामिल है ।

3) वृक्षों व झाड़ियों से ढंके विस्तृत भू–भाग को ----- कहते हैं ।

4) छ.ग. की जीवनदायिनी नदी ----- है ।

5) हिमालय एक ----- पर्वत है ।

ग) उचित संबंध जोड़िए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) | रेनासाँ | – | मैनपाट |
| 2) | छत्तीसगढ़ का शिमला | – | मासिनराम |
| 3) | दुनिया में सर्वाधिक वर्षा होती है | – | पुनर्जागरण |
| 4) | बडला कोट | – | मैकाले |
| 5) | भारत की शिक्षा नीति | – | उगाया गया वन |

प्रश्न 2. मरुस्थलों में पशुओं को चराने के लिए 10–15 कि.मी. तक क्यों ले जाते है ?

प्रश्न 3. दास प्रथा एवं सत्याग्रह से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 4. दक्कन के पठार में काली मिट्टी का निर्माण कैसे हुआ ?

प्रश्न 5. *SAARC* से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 6. जेण्डर क्या है ?

प्रश्न 7. मध्यकाल के अन्त में ऐसी क्या बातें हुई, जिनके कारण समाज में बदलाव संभव हुआ ?

प्रश्न 8. मशीन युक्त नावों से क्या-क्या नुकसान और क्या-क्या फायदे हुए ?

प्रश्न 9. नदी की अवस्था की विशेषताओं का वर्णन करें।

प्रश्न 10. निम्नलिखित के प्रतीक चिन्ह बनाइए –
पक्की सड़क, कुँआ, रेल लाइन, कब्रिस्तान, मंदिर, पोस्ट ऑफिस

प्रश्न 11. कियोल लोगों को स्पेनी उच्च अधिकारियों से क्या शिकायतें हो सकती थी ?

अथवा महिला भक्तों की जीवनी में आपको क्या समानताएँ एवं विभिन्नताएँ दिखती है?

प्रश्न 12. वन नीति को समझाइए। वन संरक्षण के उपाय बताइए।

अथवा प्रबोधन की मुख्य विशेषताएँ क्या थी ? उसका वैज्ञानिक क्रान्ति से क्या संबंध था ?

प्रश्न 13. नीचे दिये गए प्रश्नों के आधार पर उत्तर दीजिए –
अ) अमेरिकी स्वतंत्रता घोषणा-पत्र में लॉक व रुसों के विचार की समानता।
ब) फ्रांसीसी क्रांति के बाद भी स्त्री को पुरुष के बराबर अधिकार अप्राप्त था।

अथवा ब्रिटेन की औद्योगिक क्रान्ति का भारत के बुनकरों पर क्या प्रभाव पड़ा ?

प्रश्न 14. लीबिया के लोकतांत्रिक संघर्ष में मोबाईल और इन्टरनेट की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

अथवा महिलाओं को आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए किस तरह के प्रयास किये जा रहे हैं ?

प्रश्न 15. उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है, ऐसा क्यों ? कारण बताइए।

अथवा स्थायी पूंजी एवं कामकाजी पूंजी में अन्तर बताइए।

प्रश्न 16. महिला को आवश्यकता क्यों महसूस की गई, इनके विषय में लिखिए।

अथवा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के विषय में लिखिए।

प्रश्न 17. सावित्री बाई फूले ने स्त्री शिक्षा के लिए क्या प्रयास किए तथा इसका समाज पर क्या दूरगामी प्रभाव पड़ा ?

अथवा लोकतंत्र के पक्ष एवं विपक्ष में तर्क स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 18. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए –
अ) संचार एवं उनके साधन ब) विनिर्माण स) जैविक खेती

अथवा घटता भू-जल स्तर चिन्ता का विषय है इसके मुक्ति पाने के विभिन्न उपायों का उल्लेख कीजिए।